# मदर टेरेसा मॉडर्न स्कूल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व विश्व उपभोता दिवस पर कार्यशाला आयोजित

## इस कार्यशाला में आठवीं कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के बच्चों और उनके अभिभावकों को शामिल किया गया

तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग



**लाडवा :** गांव मथाना के मदर टेरेसा मॉडर्न पब्लिक स्कूल में भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और विश्व उपभोक्ता दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आठवीं कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के बच्चों और उनके अभिभावकों को शामिल किया गया। कार्यशाला में उपदेशक नीलम रानी द्वारा बच्चों को वस्तुओं के बीआईएस और आईएसआई मार्क के बारे में अवगत कराया गया। कार्यशाला में बच्चों और उनके अभिभावकों को भारत में खाद्य उत्पाद प्रयोगशाला और उत्पाद प्रमाणन योजना व उनके अधिकारों के बारे में भी अवगत कराया गया।

बच्चों व अभिभावकों को घरेलू उपकरणों जैसे लाइट स्विच, प्रेशर कुकर, पानी की बोतल, एलपीजी गैस सिलेंडर, गाडियों के टायर आदि पर लगे बीआईएस हॉलमार्क के बारे में जानकारी दी गई। बआईएस के ऑफिसर ने अभिभावकों के साथ आपसी बातचीत की और अभिभावकों ने भी इस कार्यशाला की काफी प्रशंसा की और कहा कि भविष्य में भी इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन होना चाहिए ताकि बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता को भी इन सभी चीजों की जानकारी मिलती रहे। अभिभावकों को सोने के गहनों व चांदी के गहनों की शुद्धता और उनके असली व नकली होने के बारे में कैसे जांच की जाती है। इसके बारे में भी जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि किस प्रकार हम वस्तुओं के ऊपर लगे हॉलमार्क से उनकी शुद्धता के बारे में जान सकते हैं।

कार्यशाला में स्कूल अध्यापकों नीलम रानी, रीना, प्रीति, रमन, नवीन, योगेश व माइकल आदि अध्यापकों ने भी भाग लिया। कार्यशाला में प्राचार्या पूजा सक्सेना ने भी बच्चों को बताया कि जब भी वे किसी वस्तु को खरीदें तो उस पर बीआईएस और आईएसआई हॉलमार्क देख कर शुद्ध और सही वस्तु को ही खरीदें। इस कार्यशाला के दौरान बच्चों की पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई । इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान 12वीं की छात्रा लवीशा ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान 10वीं की छात्रा आस्था ने प्राप्त किया। तथा तृतीय स्थान 10वीं की छात्रा हरलीन ने प्राप्त किया। और चौथा स्थान कक्षा आठवीं की छात्रा हर्षप्रीत ने प्राप्त किया। इस दौरान छात्रों को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बच्चे को नगद राशि भी दी गई।

# 77वें श्री हनुमान मेले के दूसरे दिन संत देवी सुदीक्षा जी महाराज ने सुनाई कथा



**लाडवा/नरेश गर्ग :** लाडवा के प्राचीन हनुमान मंदिर में चल रहे 77वें श्री हनुमान मेले के दूसरे दिन श्री सनातन धर्म महाबीर दल द्वारा आयोजित श्री राम कथा में संत देवी सुदीक्षा जी महाराज ने श्रद्धालुओं को प्रवचन सुनाए। संत देवी सुदीक्षा जी महाराज ने मेले के दूसरे दिन राम-रावण के युद्व के एक प्रसंग का हवाला देते हुए कहा कि समुद्र पर सैतू बनाने के लिए वानर सेना बड़े-बड़े पत्थरों पर राम-नाम लिखकर समुद्र में फैंक रहे थे और वें पत्थर पानी में तैर रहे थे। इस वाक्य का पता जब मदोदरी को चला तो वें रावण से बोली कि श्री राम देवीय शक्ति हैं उनके नाम लिखे पत्थर पानी में तैर रहे हैं। आप श्री राम से सुहला कर ले वरना लंका को विनाश से बचाना मुश्किल होगा। वहीं तभी रावण ने कहा कि देवी यह काम तो मैं भी आसानी से कर सकता हूं। रावण ने पत्थर पर रावण लिखा और तीन बार हवा में उछाला और पानी में गिरा दिया और पत्थर तैरने लगा। वहीं मदोदरी हैरान हो गई और बोली आपकी शक्ति भी अपरम्पार है। मौके पर दल प्रधान सुदेश बंसल, नीरज, बलदेव राज, सुनील गर्ग, सतपाल, रमेश बंसल, दर्शन, नरेन्द्र, हन्नी, पवन बंसल, पंडित जगदम्बा प्रसाद आदि उपस्थित थे।

**▸▸ समुद्र पर सैतू बनाने के लिए वानर सेना बड़े-बड़े पत्थरों पर राम-नाम लिखकर समुद्र में फैंक रहे थे और वें पत्थर पानी में तैर रहे थे**

# स्वर्गीय दिनेश गोयल जी की पुण्यतिथि पर ग्लोब हेरिटेज में लगाया गया रक्तदान शिविर

## स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए रक्तदान आवश्यक : रंजना गोयल





तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग

**लाडवा :** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। स्कूल परिसर में स्कूल प्रबंधक समिति के पूर्व महानिदेशक स्वर्गीय दिनेश गोयल की पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में पहला रक्तदान शिविर लगाया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या रीतु सिंगला ने बताया कि रक्तदान शिविर में प्रबंधक समिति की प्रधान रंजना गोयल, महासचिव संजीव अग्रवाल व अन्य अतिथियों ने स्वर्गीय दिनेश गोयल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी व दीप प्रज्वलित कर रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया।

प्रधान रंजना गोयल ने रक्तदाताओं को सम्मानित करने के पश्चात संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान करने से न केवल दूसरे व्यक्ति की जान को बचाया जा सकता है बल्कि खुद के स्वास्थ्य को भी ठीक रखा जा सकता है। उन्होंने रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस रक्तदान शिविर में इंडस अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम ने 92 यूनिट रक्त एकत्रित किया। इस अवसर पर मोहित अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, मोना अग्रवाल, मोहन लाल गर्ग, राजकुमार गर्ग, बिट्टू कंसल, सुदेश बंसल, रोहित गर्ग, नीला गर्ग, स्वीटी कंसल, अमित सिंघल, राजेश सरदाना, राजकुमार चोपड़ा, संजीव सैनी, विनोद कुमार, संजय कुमार व पूजा पुजारा सहित स्कूल स्टाफ व रक्तदाता उपस्थित थे।

# मुयमंत्री नायब सैनी की अगुवाई में प्रदेश दिन दोगुनी रात चौगुनी तरकी करेगा : संदीप गर्ग

## नायब सैनी के मुख्यमंत्री बनने से कुरूक्षेत्र लोकसभा सीट को काफी लाभ मिलेगा



तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग

**लाडवा :** भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि हरियाणा के नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में हरियाणा प्रदेश दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की करेगा। भाजपा नेता संदीप गर्ग बुधवार को लाडवा अनाजमंडी स्थित अपने कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर पूरे प्रदेश में खुशी का माहौल बना हुआ है। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अगुवाई में भी हरियाणा प्रदेश दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की कर रहा था और अब और ज्यादा तरक्की करेगा। उन्होंने कहा कि आज जो हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बने हैं वह पहले ही कुरुक्षेत्र लोकसभा से सांसद है। उसके बाद लगभग पांच महीने पहले हरियाणा के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बने हुए थे। इससे हरियाणा की सभी लोकसभा सीटों के साथ-साथ कुरूक्षेत्र लोकसभा सीट को काफी लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि उनके मुख्यमंत्री बनने से कुरुक्षेत्र जिले व लाडवा हल्के का भी चहुमुखी विकास होगा। हम सभी को उनके हाथ मजबूत करने चाहिए और संगठन को भी मजबूत करना चाहिए। मौके पर घनश्याम काम्बोज, देवराज, शुभम कुमार, कंवरजीत, अनुज गर्ग आदि मौजूद थे।

# 'सीएम घोषणाओं' को तय समय में पूरा किया जाएगा

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश सरकार द्वारा चालू की गई कल्याणकारी योजनाओं को बदस्तूर जारी रखा जाएगा और कार्य में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी। मुख्यमंत्री बुधवार को विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि पहले की गई 'सीएम घोषणाओं' को तय समय में पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही, 'जनसंवाद' एवं 'सीएम विंडो' पर आई शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को पूरी ईमानदारी से कार्य करने की सलाह देते हुए कहा कि वे विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं को पूरा करवाने में पूरी तरह से पारदर्शिता बरतें। राज्य सरकार का प्रमुख ध्येय अंत्योदय की भावना से काम करते हुए समाज के गरीब से गरीब व्यक्ति तक योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पहुँचाना है।

# नायब सैनी के मुख्यमंत्री बनने से हरियाणा प्रदेश नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ेगा : सैनी



तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग

**लाडवा :** नायब सिंह सैनी को हरियाणा के मुख्यमंत्री बनने से भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल बना हुआ है। जिसको लेकर भाजपा नेता राहुल सैनी खेड़ी के कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया।

भाजपा नेता राहुल सैनी खेड़ी ने कहा कि नायब सिंह सैनी को जो जिम्मेदारी दी गई है और प्रदेश की बागडोर उनके हाथ में संभाली गई है उसे हरियाणा प्रदेश नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ेगा। इतना ही नहीं करनाल सिटी की तर्ज पर अब कुरुक्षेत्र जिला लाडवा हल्के में भी विकास की झड़ी लगेगी। उन्होंने कहा कि लाडवा हल्के के जो विकास के काम अधूरे पड़े हैं उनमें भी अब गति आएगी और आने वाले लोकसभा चुनाव में सभी दस सीटों पर भाजपा पंचम लहराएगी। वहीं इससे पूर्व उनके कार्यालय पर आतिशबाजी व ढोल आदि बजाकर मिठाई बांटने का काम किया गया। मौके पर राजू खुराना, सतप्रकाश शर्मा, प्रदीप सहगल, देवेन्द्र, दीपक सैनी, प्रदीप कुमार आदि मौजूद थे।

# महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया 11वां विराट कुश्ती दंगल

**यमुनानगर :** श्री बालाजी अखाड़ा हनुमानगेट जगाधरी की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 11वां विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री चौधरी कंवरपाल के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष विपुल गर्ग व उपाध्यक्ष वरुण बत्रा मौजूद रहे। इस विराट कुश्ती दंगल में हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए देश के दूसरे राज्यों के अलावा प्रदेश के दूर-दूर स्थानों से आए पहलवानों मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। हरियाणा के शिक्षा मंत्री ने कहा कि देश व विदेशों में आयोजित होने वाली सभी खेल प्रतियोगिताओं में हरियाणा के खिलाड़ियों का हमेशा दबदबा रहा है। राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाडियों में सबसे ज्यादा संख्या हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों की होती है।

# जनता के लोकतांत्रिक अधिकार की रक्षा करें कांग्रेस जन, हरेक वोटर की करें मदद : मेवा सिंह

## वोट डिलीट होने पर तुरंत उठाएं कदम, आचार सहिंता से पहले बनवाएं वोट

तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग



**लाडवा :** लाडवा हल्के के विधायक मेवा सिंह ने प्रदेश में लाखों वोट कटे जाने की आशंका जाहिर की है। उन्होंने तमाम मतदाताओं, कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओं से वोटर लिस्ट चैक करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों के मद्देनजर प्रत्येक विधानसभा में 3 से 4 हजार वोट काटे गए हैं। लोगों ने जानकारी दी है कि बीजेपी-जेजेपी द्वारा सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करके वोटर लिस्ट के साथ छेड़छाड़ की गई और जानबूझकर कांग्रेस समर्थित लोगों की वोट काटी गई। कई जगह वोटरों के वार्ड भी बदल दिए गए हैं। अगर यह जानकारी पूर्णतया या आंशिक तौर पर भी सही है तो इसे जनता के लोकतंत्रिक अधिकार पर सीधा हमला माना जाएगा। हार की बौखलाहट में सत्ताधारी पार्टियां जनता से उसका मतदान का अधिकार छीन रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपनी, अपने परिवार और अपने-अपने क्षेत्रों की पूरी वोटर लिस्ट चेक करें।

चुनाव आयोग के जिला कार्यालय से वोटर लिस्ट लेकर उसमें गांव व वार्ड के मतदाताओं के नामों का मिलान करें। अगर किसी का वोट काटा गया हो तो उसके संबंध में तुरंत शिकायत दर्ज करवाएं और फिर से वोट जुड़वाने का काम करें। कांग्रेस के बूथ कार्यकर्ता अपने स्तर इसकी जिम्मेदारी लें ताकि किसी भी नागरिक से उसका वोट देने का संवैधानिक अधिकार ना छीन सके। देश में किसी भी वक्त आदर्श आचार संहिता का ऐलान हो सकता है। इसलिए यह कार्य उससे पहले जल्द से जल्द पूरा करवाएं।

# समाजसेवी सचिन गर्ग ने चार दिवसीय हनुमान मेले के प्रथम दिन दिया भंडारा



तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग

**लाडवा :** लाडवा-इन्द्री मार्ग पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में चार दिवसीय हनुमान जी का मेला शुरू हुआ। जिसमें समाजसेवी सचिन गर्ग द्वारा मेले में माथा देखने आए हजारों श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों श्रद्धालुओं द्वारा कढ़ी चावल का प्रसाद ग्रहण किया।

समाजसेवी सचिन गर्ग ने कहा कि हर वर्ष मार्च के महीने में प्राचीन हनुमान मंदिर में भगवान श्री बजरंग बली का चार दिवसीय मेला शुरू होता है। जिसमें न केवल लाडवा क्षेत्र बल्कि हरियाणा, पंजाब, हिमाचल से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु बजरंग बली के दर्शन करने व माथा देखने के लिए आते हैं और लोगों को घंटा-घंटा अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। जिसको देखते हुए मेले के प्रथम दिन शाम के समय हर वर्ष भंडारे का आयोजन किया जाता है।

जिसमें हजारों लोग कढ़ी चावल का प्रसाद ग्रहण करते हैं। वही मंगलवार देर रात लगभग 12 बजे रात्रि तक श्रद्धालुओं ने बजरंगबली के दर्शन किये। मौके पर राकेश खुराना, रोहित कुमार, योगेन्द्र काम्बोज, विक्की रहेजा सहित अनेक सहयोगियों ने भंडारे में अपनी सेवा दी।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुआ मॉनिटरिंग और मेंटरिंग कार्यक्रम आयोजित



**लाडवा :** गांव बणी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मॉनिटरिंग और मेंटरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे डा. सुमंत गोयल ( असिस्टेंट प्रोफेसर फिजिक्स ) ने कुछ क्रियाकलापों के माध्यम से विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में कक्षा 6 से लेकर दसवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। प्राचार्या द्वारा विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किये गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्राचार्या रेणु कमल, डा. रामशरण, रमेश कुमार, ओमप्रकाश, सविता मेहता, अंजना रानी आदि मौजूद रहे।

# नरमा फसल के खराबे के 87.95 करोड़ किए जारी : नायब सिंह



तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि वर्तमान रबी फसल में ओलावृष्टि से हुए फसली नुकसान के लिए ई क्षतिपूर्ति पोर्टल 15 मार्च तक खोला गया है। किसान ओलावृष्टि से हुए फसली नुकसान को पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023 के दौरान बाढ के कारण खराब हुइ नरमा की फसल संबंधी 12 जिलों के किसानों को 87.95 करोड़ रुपए की मुआवजा राशि जारी कर रहे थे। इनमें भिवानी, चरखी दादरी, फतेहाबाद, गुरुग्राम, हिसार, झज्जर, जीन्द, महेन्द्रगढ, रेवाड़ी, रोहतक, सिरसा तथा सोनीपत शामिल है। इस अवसर पर मंत्री जे पी दलाल भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2023 के दौरान बाढ से खराब हुई नरमा की फसल का मुआवजा लेने के लिए 2 लाख 43 हजार 287 एकड़ भूमि का पंजीकरण करवाया गया। इसमें से वेरिफिकेश के बाद 84 हजार 483 एकड़ भूमि के खराबे की पुष्टि हुई जिसका किसानों ने ई क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपलोड किया गया। इसकी वेरिफिकेशन के बाद प्रदेश के 33483 किसानों को मुआवजा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पहले भी वर्ष 2023 के दौरान आई बाढ के कारण हुए नुकसान की भरपाई के लिए अन्य फसलों का 130 करोड़ 88 लाख रुपए का मुआवजा किसानों को सरकार द्वारा पहले ही जारी किया जा चुका है।

# कैंसर रोगियों को भी मिलेगी 3 हजार आर्थिक सहायता : नायब सिंह

तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़ :** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि सरकार सभी नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है। इस दिशा में समाज के कमजोर वर्गो को सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अलावा चिकित्सा सुरक्षा भी प्रदान की जा रही है।

मुख्यमंत्री आज वितीय सहायता 3 व 4 स्टेज कैंसर रोगी पोर्टल का शुभारम्भ कर रहे थे। उन्होंने कैंसर एवं 55 अन्य दुलर्भ बीमारियों से पीड़ित लोगों को वितीय मदद के लिए दो नई योजनाओं का ऑनलाईन शुभारम्भ किया। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री जे पी दलाल भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब कैंसर की 3 व 4 स्टेज के रोगियों को भी प्रतिमाह 3000 रुपए की आर्थिक सहायता मिलेगी। कैंसर एवं 55 अन्य बीमारियों से ग्रस्त व्यक्ति सरल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करके लाभ उठा सकते है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अब विधानसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। बुधवार को हरियाणा विधानसभा में एक दिन के विशेष सत्र के दौरान मनोहर लाल ने करनाल हलके से इस्तीफा देने का ऐलान किया। इतना ही नहीं, उनकी ओर से लिखित में इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता को भी सौंपा गया। स्पीकर ने उनके इस्तीफे को मंजूर करके इसकी सूचना चुनाव आयोग को भेज दी है।



मनोहर लाल के इस्तीफे के साथ ही करनाल की सीट खाली हो गई है। हरियाणा में विधानसभा के चुनाव सितंबर-अक्तूबर में होने हैं। ऐसे में करनाल विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने के कम ही आसार हैं। मनोहर लाल ने पहली बार 2014 में करनाल से विधानसभा चुनाव जीता था। माना जा रहा है कि भाजपा अब उन्हें करनाल से लोकसभा चुनाव लड़वा सकती है। करनाल से वर्तमान में संजय भाटिया सांसद हैं। भाटिया पहले ही पानीपत सिटी से विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं।

लोकसभा चुनावों का कार्यक्रम अगले सप्ताहभर में ही जारी होने का अनुमान है। मई में केंद्र सरकार का गठन होना है। ऐसे में लोकसभा के साथ करनाल का उपचुनाव करवाया जाएगा, इसकी बहुत कम संभावना है। आमतौर पर विधानसभा का कार्यकाल अगर छह महीने से अधिक बचा है तो उपचुनाव करवाना होता है। अंबाला से सांसद रहे रतनलाल कटारिया का निधन हुए भी एक साल के करीब होने को है, लेकिन इस सीट पर उपचुनाव नहीं करवाया गया। इस लिहाज से करनाल में भी उपचुनाव के आसार नहीं लगते।

नायब सिंह सैनी चूंकि बिना विधायक के ही प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं। ऐसे में उन्हें छह महीनों के भीतर विधायक बनना होगा। सूत्रों का कहना है कि इसी को ध्यान में रखते हुए भाजपा की ओर से अंदरखाने समय से पहले विधानसभा चुनाव करवाए जाने की तैयारी हो गई है। इस बार अगस्त में विधानसभा चुनावों का कार्यक्रम घोषित हो सकता है। हालांकि इसके लिए राज्य सरकार को कैबिनेट की मीटिंग में विधानसभा भंग करने का फैसला करना होगा।

### दयालु स्कीम के तहत राज्य के 2200 परिवरों को जारी किए 108 करोड़

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा (दयालु) योजना क्रियान्वित की जा रही है। इस योजना के तहत 1.80 लाख रुपए से कम आय वाले परिवारों के सदस्य की आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर एक लाख से 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री दयालु स्कीम के तहत राज्य के 2200 परिवारों को 108 करोड़ रुपए की राशि जारी कर रहे थे मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत अब तक 4327 लाभपात्रों के बैंक खातों में 166 करोड़ 23 लाख रुपए की राशि सीधे डाली गई है। इस प्रकार अब तक कुल 7211 लाभपात्रों को 274 करोड़ 23 लाख रुपए की आर्थिक सहायता सरकार द्वार प्रदान की जा चुकी है।